## शिक्षक व खिलाड़ी सम्मानित

**बहरोड/ नीमराना।** ममता हैल्थ एवं ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज की स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत बहरोड़ कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांचल, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंडाला एवं बाल विकास स्कूल हमीदपुर में युवा सम्मेलन के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्साकसी, रिले दौड एवं दौड करवाई गई। पी.टी.आई रविन्द्र, राजकुमार यादव, खेल प्रभारी रविंद्र व राजेंद्र ने खेल करवाए। मांचल स्कूल में लडकों की कब्बड्डी टीम आर्यन व गंडाला छात्रा कबड्डी टीम में लक्ष्मी बाई तथा छात्र कबड्डी में आजाद टीम विजेता रहने पर प्राचार्य द्वारा विनर ट्रॉफी एवं गोल्ड मेडल तथा उपविजेता टीम को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं ममता संस्था से सुशील रोहिल्ला द्वारा प्राचार्य, उपप्राचार्य व पीटीआई को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करने पर आभार जताया। कार्यक्रम में अध्यापक मीना, सज्जन सिंह ,राजकुमार, मुकेश, सुनील, सत्येंद्र, परवीन, राजेंद्र, शेर सिंह, अशोक, रेखा यादव, कविता, हंसराज, रविंद्र, अभय सिंह, पंकज यादव, सीमा, सुषमा, पिंकी, सुनीता, पुष्पा, रेखा, बबीता, टीना व ममता संस्था से मंजु, कविता, अनीशा, सीमा आदि मौजूद रहे।

# डिग्री पाने का सपना पूरा, 2 हजार विद्यार्थियों को डिग्रियां मिली

- 57 को गोल्ड मेडल और 48 को सिल्वर मेडल से नवाजा
- पदमश्री से सम्मानित 3 विभूतियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की



मानपुरा माचैडी महात्मा ज्योति राव फूले विश्वविद्यालय के 10 वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को डिग्रियां वितरित की।

**मानपुरा माचैडी ।** एक ओर जहां आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने वहीं दूसरी और हाथों में डिग्री पाने की खुशी चेहरे पर साफ झलक रही थी। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों के लिए यह वाकई आज का दिन एक ऐतिहासिक व गर्व के अनुभूति का ऐसा खास अवसर था जो उनकी जिदंगी में हमेशा एक यादगार पल बना रहेगा।

कुछ ऐसा ही दिलचस्प नजारा रविवार को आयोजित महात्मा ज्योति राव फूले विश्वविद्यालय के 10 वें दीक्षांत समारोह मे देखने को मिला। समारोह में समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान के लोकायुक्त जस्टिस प्रताप कृष्ण लोहरा और युनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने 2000 विद्यार्थियों को डिठिया प्रदान की जबकि 18 को पीएचडी, 57 को गोल्ड मेडल और 48 को सिल्वर मैडल से नवाजा।

मुख्य अतिथि लोहरा ने दीक्षांत समरोह में कहा कि युवा शक्ति देष की असली पूंजी है। युवाओं की ऊर्जा व कौषल का उपयोग रचनात्मक कार्यो और राष्ट्र निर्माण में करने से ही भारत एक समृद्व व विकसित राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी शिक्षा हो या डिग्री वह समाज की समस्याओं के समाधान में काम आना चाहिए। इसलिए वे अपनी शिक्षा एवं ज्ञान कौशल का उपयोग मानवता की भलाई के लिए करें । युनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने दीक्षान्त समारोह में डिठाी और मैडल पाने वाले स्टूडेंटस को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि देश का सुनहरा भविष्य आज के शिक्षित युवाओं में निहित है। डिग्री के बाद पढाई का अंत नहीं है । यूनिवर्सिटी की नवनियुक्त वाइस चांसलर जोया चक्रवती.ने कहा कि देश को युवा पीढ़ी को आज सकारात्मक सोच की जरूरत है।

## विकास के संकल्प के साथ दौड़े बच्चे

**कोटपूतली ।** राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम के तहत रविवार को जिला स्तरीय दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली से जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

दौड़ सरदार विद्यालय से प्रारम्भ होकर अग्रसेन तिराहा से मुख्य बाज़ार होते हुए राजकीय एलबीएस कॉलेज कोटपुतली पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान पूरा मार्ग विकास, एकता और जनभागीदारी के उत्साह से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश सहारण, एसडीएम रामवतार मीणा, कॉलेज प्राचार्य आरके सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाडियों, एनसीसी सहित बडी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। जिला कलेक्टर ने कहा कि रन फॉर विकसित राजस्थान केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि राज्य सरकार के विकासात्मक कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

## सार-समाचार

### विश्व में सुख, शांति, प्रेम का संदेश दिया

**टोंक ।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय टोंक के राजयोग भवन में रविवार को विश्व एकता व विश्वास के लिए ध्यान पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से विश्व में सुख, शांति, प्रेम, पवित्रता और खुशी का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर ओम की दिव्य ध्वनि द्वारा स्वयं एवं आसपास के वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भरने का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी अपर्णा ने कहा कि विश्व ध्यान दिवस मानवता को आंतरिक शांति और संतुलन की ओर ले जाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। ध्यान केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि समाज और संपूर्ण विश्व में शांति, सद्भाव और करुणा का संचार करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब एक व्यक्ति शांत होता है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे वातावरण पर पडता है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ऋतु ने राजयोग की गहन अनुभूति कराते हुए कहा कि राजयोग मेडिटेशन व्यक्ति को स्वयं की पहचान कराकर परमात्मा से जोडता है, इससे आत्मा के मूल गुण सत्यता, पवित्रता, दया, करुणा, धैर्य और सेवा जागृत होते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी साधकों ने विश्व ध्यान दिवस पर राजयोग मेडिटेशन को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए सकारात्मक संकल्प लेने का दृढ निश्चय किया।

### दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चालक पकड़ा

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक उनियारा आकांक्षा के सुपरविजन एवं उनियारा थानाधिकारी कप्तान सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम ने रविवार को अवैध रुप से बजरी परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी प्रेमराज पुत्र राजेन्द्र प्रसाद गुर्जर उम्र 21 साल निवासी महुआ थाना अलीगढ़ एवं रामप्रसाद पुत्र चौथमल गुर्जर उम्र 39 साल निवासी विजयपुरा थाना चौथ का बरवाडा को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान कार्यवाही में दो ट्रेक्टर मय बजरी से भरी ट्रोलियों को जप्त किया गया। दोनों ट्रैक्टर चालको के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# दो चरणों में जनगणना होगी

- अप्रैल से सितंबर 2026 के मध्य एक माह की अवधि में मकान सूचीकरण और फरवरी 2027 में जनसंख्या गणन
- प्रशासनिक इकाइयों और नक्शों के सत्यापन के लिए जिला कलक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया

**कोटपूतली ।** देश में आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर एवं अति. जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में प्रशासनिक इकाइयों की सूची एवं नक्शों के सत्यापन हेतु एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजना किया गया। बाबूलाल मीना उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, कोटपूतली-बहरोड़ ने एक दिवसीय शिविर में उपस्थित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी को अनुरोध किया कि जनगणना का कार्य राष्ट्रिहत में अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उप निदेशक ने अनुरोध किया कि 2011 के बाद सीमाओं में हुए परिवर्तनों, नवगठित नगर पालिकाओं और ठाम पंचायतों के नक्शों का बारीकी से सत्यापन किया जाए। जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से आई टीम सहायक निदेशक श्री महेश कुमार, श्री दिनेश रैगर सांख्यिकीय अधिकारी श्री सचिन कुमार, नम्रता जैन द्वारा बताया गया कि जनगणना-2011 की तुलना में आगामी जनगणना हाई-टेक होगी। इस बार डेटा संकलन के लिए पेपर अनुसूची की जगह मोबाइल ऐप्स का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक तेज और पारदर्शी होगी। अप्रैल से सितंबर 2026 के मध्य एक माह की अवधि में मकान सूचीकरण और आवास गणना की जाएगी । फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य होगा।

## हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जहां रोडवेज बस की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक के सिर के चीथड़े सड़क पर बिखर गए। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

भरतपुर शहर के अटलबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरादास बस स्टैंड के सामने रोडवेज बस ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सतेंद्र पुत्र भीकम सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से धौलपुर जिले के बसेड़ी क्षेत्र के गांव बोरोली का रहने वाला था।बताया जा रहा है कि सतेंद्र गुड़गांव में मजदूरी का काम करता था और किसी काम से भरतपुर आया हुआ था। हादसा भरतपुर डिपो की रोडवेज बस से हुआ है। जो धौलपुर से भरतपुर की ओर आ रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आ रही थी, तभी हीरादास बस स्टैंड के सामने पैदल जा रहा युवक उसकी चपेट में आ गया। बस के नीचे आने से युवक के सिर कई टुकड़ों में बिखर गया, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग सन्न रह गए। घटना की सूचना मिलते ही अटलबंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और बस चालक से पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस थाना प्रागपुरा की मनचलों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

- कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले दो असामाजिक मनचलों को गिरफ्तार किया

**पावटा।** पुलिस द्वारा महिलाओं में सुरक्षा की भावना को बल देने के लिए अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाते हुए मनचले लोगों को सबक सिखाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाओ से छेड़छाड करने वाले मनचलो के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया की राज्य सरकार द्वारा मनचलो के विरुद्ध कार्यवाही हेतू एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत पुलिस थाना प्रागपुरा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कस्बा प्रागपुरा मे चौराहा से कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले दो असामाजिक मनचले रुपेश सिहं पुत्र उत्तम सिहं जाति राजपूत उम्र 19 साल निवासी प्रागपुरा पुलिस थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली बहरोड व प्रकाश पुत्र सुण्डाराम जाति मीणा उम्र 30 साल निवासी टोरडा गुजरान पुलिस थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली बहरोड को गिरफ्तार किया गया है। इलाका थाना में अवैध रुप से कार्य करने वालो एवं असामाजिक तत्वो के खिलाफ प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम द्वारा कडा रुख अपनाते हुए पूर्ण रुप से शिंकजा कसने के लिये अधिकाधिक कार्यवाही की जाकर इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर पूर्ण रुप से लगाम लगाई जायेगी। प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है और इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना है और आमजन ने राहत की सांस ली है।

# 'केंद्र सरकार की नीतियों से अरावली खतरे में'

**मनोहरपुर ।** ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दिगराज सिंह शाहपुरा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण अरावली क्षेत्र में खनन, वन कटाई और भूमि दोहन बढ़ रहा है, जिससे पर्यावरण पर गंभीर संकट पैदा हो गया है। दिगराज सिंह शाहपुरा ने कहा कि अरावली केवल पहाड नहीं है, बल्कि यह किसानों, ग्रामीणों, वन्यजीवों और पूरे उत्तर भारत के पर्यावरण की सुरक्षा कवच है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भूजल स्तर गिर जाएगा, जल स्त्रोत समाप्त होंगे और मरुस्थलीकरण तेजी से फैलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मौन स्वीकृति से अरावली को नष्ट किया जा रहा है, जो आने वाली पीढियों के साथ अन्याय है। किसान केवल खेती का अधिकार नहीं, बल्कि जल-जंगल-जमीन और प्रकृति की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दिगराज सिंह शाहपुरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार अरावली संरक्षण को लेकर जल्द ठोस नीति नहीं लाती है।

# छात्रों को यातायात सुरक्षा की जानकारी दी


पावटा में जिला एसपी कुमार देवेंद्र कुमार विश्नोई की मौजूदगी में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

**पावटा ।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई कोटपूतली बहरोड के निर्देशन मे एसडीम विराटनगर कपिल उपाध्याय व तहसीलदार व एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों के साथ विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल, उप निरीक्षक प्रकाश सिंह राठौड व थाना विराटनगर के स्टाफ के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय विराटनगर एवं बस स्टैंड पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग एवं सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा यात्री सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय क्षेत्र में धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की गई। बस स्टैंड पर मौजूद चालकों और यात्रियों को भी नियमों का पालन करने, सड़क पर सतर्कता बरतने एवं दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानून का पालन है, बल्कि स्वयं और दूसरों की जान बचाने का माध्यम भी है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। आयोजन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था को मजबूत करना बताया गया।

## शिविर में 170 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया

- 8 मरीज आंखों के ऑपरेशन के लिए हुए पंजीकृत

**पावटा।** स्वास्थ्य लाभ अभियान के तहत भोनावास में आयोजित छठवें निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में जहां 170 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया वही 8 लोग आंखों के ऑपरेशन के लिए पंजीकृत किए गए। माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति एवं पल्स अस्पताल कोटपूतली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

शिविर में पल्स हॉस्पिटल कोटपूतली की डॉक्टर्स टीम ने सेवाएं दी शिविर की अध्यक्षता धूडसिंह शेखावत पूर्व जिला पार्षद ने की तथा शिविर के मुख्य अतिथि मुकेश गोयल वरिष्ठ भाजपा नेता रहे। वही विशिष्ठ अतिथि के रूप में जगदीश यादव राज. बीज निगम डायरेक्टर, राजेंद्र सिंह अदाली भाजपा मंडल अध्यक्ष दक्षिण, कमल यादव शिक्षाविद एवं भाजपा नेता राजपाल सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच हंसराज सिंह शेखावत, सूबेदार रामकरण मीणा भामाशाह, दीपसिंह शेखावत जल प्रहरी, मानसिंह शेखावत, पल्स हॉस्पिटल कोटपूतली यूनिट हेड अनीश नैयर, पवन सिंह चौहान, पवन सिंह तंवर रहे। शिविर आयोजक धर्मपाल सिंह शेखावत ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# मेहंदवास में सुशासन रथ का भव्य स्वागत


टोंक विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेहंदवास, पालड़ा, इंदोकिया में रथ यात्रा का स्वागत किया।

**टोंक ।** राज्य सरकार के ऐतिहासिक 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत टोंक विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेहंदवास, पालड़ा, इंदोकिया में जनकल्याणकारी योजनाओं के सुशासन रथ का ग्रामीणो ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सरकार के 2 वर्ष का विकास कार्य लेखा जोखा पुस्तिका ग्रामवासियों को वितरित की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नन्दलाल छान ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने बीते दो वर्षो से जनसेवा, सुशासन और समयबद्ध समाधान के संकल्प के साथ शहर से लेकर गांव-ढाणी तक प्रत्येक नागरिक के साथ सेवा भाव से खडी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक रथ नहीं, बल्कि जनकल्याण, विकास और जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होने कहा कि विकास रथ अभियान न केवल सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर जनसंपर्क और जागरूकता को भी सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इस अवसर टोंक विधानसभा सहसंयोजक प्रधान काबरा, महेंद्र सिरोठा, मंडल प्रभारी चौथमल विजय, महेंद्र सिंह सोलंकी, मोती यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं सैकडो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बालाजी को लगाया पौषबड़ा का भोग

**सांभरझील।** यहां कटला बाजार स्थित बालाकोठी बालाजी मंदिर व पुरानी धानमंडी स्थित बाबा रामदेव मंदिर में पोषबडों का आयोजन किया गया। मंदिर पुजारी रामनिवास वैष्णव व सोहनलाल शर्मा ने प्रतिमाओं का श्रृंगार किया। श्रद्धालुओ ने पोष बड़ा पंगत प्रसादी पाई। पुजारी पुत्र पुरुषोत्तम स्वामी ने बताया कि हर वर्ष की भांति यहां विशाल पोष बडे का आयोजन होता रहा है। यह मंदिर अति प्राचीन मंदिर है, इसलिए सैकडो भक्तों की आस्था इस मंदिर से जुडी हुई है।

# अन्नकूट में भक्तों ने पाई प्रसादी

**गोविंदगढ /अलवर ।** गोविंदगढ कस्बे में आज बनखंडी महादेव मंदिर पर रविवार को 21 दिसंबर 2025 को अन्नकूट का आयोजन किया गया यह आयोजन बलखंडी धाम कमेटी द्वारा किया गया कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार उर्फ मीनू सेमला वाले समाजसेवी गोविंदगढ़ नगर पालिका के होने वाले चुनाव 2026 में जिसके भावी उम्मीदवार समाजसेवा के कार्य यो में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और अपना सहयोग प्रदान करते हैं महिला एवं बच्चे बुजुर्ग सभी ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया बनखंडी महादेव मंदिर पर पहुंचकर इस मौके पर गांव बस्ती एवं मंदिर कमेटी बनखंडी धाम के सदस्य मौजूद रहे अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार उर्फ मीनू सेमला वाले संरक्षण मंगतू राम सैनी उपाध्यक्ष गिर्राज शर्मा उर्फ झुन्डी कोषाध्यक्ष रवि कुमार चोरपुरिया मंत्री सुनील अरोडा प्रचार मंत्री सुनील शर्मा ई मित्र वाले महामंत्री सतीश सैन अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार उर्फ मीनू ने यह घोषणा की की फागण माह में तीन दिवसीय खाटू श्याम बाबा का मेला आयोजीत किया जाएगा ।

# 'महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा'

**भरतपुर (निस)।** जिला स्तरीय लखपति दीदी संवाद एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम रविवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वर्चुअली जुडे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। महिलाएं खेतों से लेकर नौकरी और परिवार की जिम्मेदारियों को समान रूप से निभाते हुए समाज और प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीविका योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त कार्य किया जा रहा है। इससे जुड़ी अनेक बहनें आज अपने जीवन में आर्थिक रूप से सशक्त बनकर 18 से 40 हजार रुपये प्रतिमाह की आय अर्जित कर रही हैं। कई महिलाएं लखपति दीदी बनकर अब मिलेनियम दीदी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन और महिला सशक्तिकरण के इस संकल्प से राजस्थान निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश की हर महिला सशक्त और आत्मनिर्भर बनकर विकास की धुरी बनें। आज महिलाएं घूंघट से बाहर निकलकर अपने घर, समाज और राज्य को मजबूती प्रदान कर रही हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुई हैं। उन्होंने सभी महिलाओं से आ ान किया कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी अपनी सहेलियों और पड़ोस की महिलाओं तक पहुंचाकर उनके उत्थान में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में हमारी बहनें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने अब तक 12 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सहयोग किया है। रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए रोडवेज में अतिरिक्त दो दिन नि:शुल्क यात्रा सुविधा दी गई। महिलाओं के लिए शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया है। केन्द्र सरकार ने रसोई कार्यों में सहयोग हेतु उज्ज्वला योजना तथा कच्चे आवासों के समाधान के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई है। महिलाओं के मान-सम्मान और स्वच्छता के लिए शौचालयों का निर्माण कराया गया है तथा सुरक्षा की दृष्टि से एंटी रोमियो टीमों का गठन किया गया है। इसके साथ ही लाडो प्रोत्साहन योजना की राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये की गई है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी व ठाामीण विकास एवं कृषि कैबिनेट मंत्री किरोडी लाल मीणा संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अलवर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, राजसमंद और उदयपुर जिलों की लखपति दीदियों से संवाद कर उनकी संघर्ष और सफलता की कहानियां सुनी तथा राजीविका से जुड़ी लखपति दीदियों को टेबलेट वितरित किए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट राहुल सैनी, राजीविका जिला प्रबंधक भारती भारद्वाज, भरतपुर उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लखपति दीदियां उपस्थित रहीं।

# विधिक सेवा शिविर में करोड़ों के अवॉर्ड पारित



कोटपूतली में चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत में 1727 मामलों का निबटारा किया।

- बहरोड, बानसूर एवं विराटनगर तालुका पर कुल 06 बैंचों का गठन किया गया

**कोटपूतली ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड अध्यक्ष रवि शर्मा के निर्देशानुसार रविवार को वर्ष 2025 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला मुख्यालय पर दो बैंचो का गठन किया गया। बैंच प्रथम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अंजुम खान ने की एवं सदस्य अधिवक्ता रणजीत कुमार मीणा रहे।

बैंच द्वितीय की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जंडैल ने की व सदस्य अधिवक्ता ज्योति शर्मा रही। साथ ही बहरोड, बानसूर एवं विराटनगर तालुका पर कुल 06 बैंचों का गठन किया गया। लोक अदालत में ना केवल न्यायालयों में 1727 प्रकरणों जिसमें फौजदारी प्रकरण धारा 138, एनआई एक्ट, सिविल मामले, वैवाहिक प्रकरण आदि का निस्तारण किया गया। साथ ही एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं नगरपालिका में लंबित राजस्व प्रकरणों जिनमें सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामान्तरण सहित विविध राजस्व प्रकरणों, बिजली विभाग से संबंधित प्रकरण, बैंक रिकवरी एवं ऋण संबंधी मामले एवं अन्य विभागीय कार्यालयों में लंबित अन्य प्रकरणों का समझाईश एवं आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। लोक अदालत में न्यायालय में लम्बित प्रक्ररणों में 03 करोड़ से भी अधिक का अवार्ड पारित किया गया।

लोक अदालत में अपर जिला एवं सैशन न्यायालय सं. 03 में लंबित मोटर वाहन दुर्घटना दावा के प्रकरण अंजू बनाम न्यू इंडिया जिसमें दावा राशि 33 लाख रही एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायालय सं. 01 में लंबित मोटर वाहन दुर्घटना दावा के प्रकरण सुनिता बनाम न्यू इंडिया जिसमें दावा राशि 35 लाख थी का लोक अदालत की भावना से निस्तारण कर वादकारियों को राहत पहुंचाई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जंडैल ने यह संदेश दिया कि लोक अदालत न्याय की वह पाठशाला हैं, जहां विवाद का अंत और समाधान की शुरूआत होती है।

## लोक अदालत का आयोजन

**शाहपुरा ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं भँवरलाल बुगालिया अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश ) जयपुर जिला जयपुर, सचिव पवन कुमार जीनवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार न्यायालय शाहपुरा में ललिता शर्मा अध्यक्ष (तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा ) एडीजे प्रथम की अध्यक्षता में एवं प्रतिभा मोट्यार (वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) शाहपुरा के सानिध्य में रविवार को चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। विधिक सेवा प्रभारी अमन कुमार मीणा ने बताया कि इस बार की राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार शाहपुरा न्याय क्षेत्र में इस बार कुल 2 बैंच का गठन किया गया। बैंच संख्या 6 न्यायालय जिला अपर एवं सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या 1 व 2 की पत्रावली एवं प्रि-लिटिगेशन की पत्रावलियों के लिए बनाई गई।